कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 2995 / m-1 / 59 दिनांक 12/10/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **डिजीटल मीडिया न्यूज18 में दिनांक 12.10.2026 को ''पाइप लाइन अधूरी, टंकी का काम बंद.. मऊ के खुरहट में ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि डिजीटल मीडिया न्यूज18 में दिनांक 12.10.2026 को ''पाइप लाइन अधूरी, टंकी का काम बन्द, मऊ के खुरहट में ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर'' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है। विकास खण्ड– रानीपुर के अन्तर्गत खुरहट पेयजल योजना का कार्य मेसर्स के0एल0एस0आर द्वारा कराया जा रहा है। पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था मेसर्स के0एल0एस0आर0 से आख्या प्राप्त की गई। संस्था द्वारा अपने पत्र सं0 KLSR-Rays-JV/Mau/2026-27/773, दिनांक 12.10.2026 के माध्यम से आख्या प्रस्तुत की गई है (पत्र संलग्न है)। विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत खुरहट में जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोलर का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 16.679 कि.मी के सापेक्ष 8.339 कि.मी पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 39 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है तथा शिरोपरि जलाशय का कार्य खुदाई तक पूर्ण हो चुका है, सड़क की पुनर्स्थापना का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलीज किया जा रहा है। शेष बचे हुए सभी कार्यों को टीम लगाकर शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करे।

संलग्नक : **फर्म का पत्र।**
पेपर कटिंग।

भवदीय

(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–

1– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ!
5– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।
7– जिला सूचना अधिकारी (निरीक्षा शाखा), मऊ।
8– मेसर्स के0एल0एस0आर0 रेज को उनके पत्र सं0 KLSR-Rays-JV/Mau/2026-27/773, दिनांक 12.10.2026 के सन्दर्भ में इस आशय से कि उक्त योजना के शिरोपरि जलाशय सहित अवशेष कार्यो को प्राथमिकता पर गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

अधिशासी अभियन्ता

विकास खण्ड– रानीपुर, खुरहट पेय जल योजना, जनपद– मऊ

पाइपलाइन अधूरी, टंकी का काम बंद.. मऊ के खुरहट में ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर

Reported by: Rajeev Sharma | Edited by: Vivek Kumar | Agency: Local18
Last Updated: October 11, 2026, 10:35 IST

मऊ जनपद की खुरहट ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी करीब दो साल से अधूरी पड़ी है. ग्रामीणों का आरोप है कि बोरिंग और पाइपलाइन का काम पूरा नहीं हुआ, जबकि पाइप बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की हालत भी खराब है. ग्रामीणों के मुताबिक, उन्हें अब भी चार नंबर की मशीन से मिलने वाले पानी पर निर्भर रहना पड़ता है. ऐसे में वे पानी की टंकी का निर्माण जल्द पूरा कर घर-घर शुद्ध पेयजल की सप्लाई शुरू करने की मांग कर रहे हैं.

मऊ: सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाई जा रही है, ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े. लेकिन मऊ जनपद की खुरहट ग्राम सभा में पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन उसे अधूरा छोड़ दिया गया. इससे ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में आइए जानते हैं कि ग्रामीण क्या मांग कर रहे हैं.

दो साल से अधूरी पड़ी है पानी की टंकी

लोकल 18 से बात करते हुए ग्रामीण चंद्रदीप ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत स्थापित पानी की टंकी के लिए बोरिंग तो की गई, लेकिन पानी की टंकी नहीं बनाई गई. अब पेयजल संकट के कारण लोगों को खाना बनाने, कपड़े धोने तथा बच्चों को स्कूल भेजने जैसी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. कई लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही पानी की टंकी लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित होने वाली थी, लेकिन इसे अधूरा ही छोड़ दिया गया. करीब दो वर्षों से काम बंद पड़ा है. पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की गई और अब गांव की सड़कें भी गड्ढों से भर गई हैं, लेकिन पाइपलाइन बिछाने का काम भी पूरा नहीं हुआ.

दूषित पानी पीने को मजबूर हैं ग्रामीण

ADVERTISEMENT

और पढ़ें

Lion Approaches Escaped Kitten - Watch What Happened
History 101 | Sponsored

Free Backup Agent for every dedicated server. Get started
Sponsored

War Thunder - Register now for free and play against over 75 Million real Players
Fight in over 2000 unique and authentic Vehicles. Fight on Land, on Water and in the Air. Join the most comprehensive vehicular combat game. Over 2000 tanks, ships and aircraft.
War Thunder | Sponsored
Play Now

HEALTH CALCULATORS

BMI Calculator | Calorie Calculator

ख़बरें फटाफट

Alwar News: अलवर में खेत से मिलीं मंदिर की रहस्यमयी घंटियां, मचा हड़कंप
- खेत में मिली घंटियां
- बाइक सवार रख गए
- पुलिस कर रही जांच

और भी पढ़ें

ताज़ा समाचार

VIDEO: नाती के जन्म पर नाना का अनोखा सेलिब्रेशन, नन्ही परी को रथ पर लाए घर

iPhone 17 Pro के 256GB मॉडल पर ₹55,650 तक का फायदा, Flipkart...

यूएन में नौकरी कैसे मिलेगी? जुगाड़ से नहीं बनेगी बात, जरूरी हैं ये स्किल्स

हापुड़ से यूपी चुनाव प्रचार 2027 का 'श्रीगणेश' क्यों कर सकते हैं पीएम मोदी?

अजमेर के शिवपुरा में कुएं में डूबने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

और भी पढ़ें

एयर क्वालिटी इंडेक्स
Micro Dust/ PM 2.5/h

दिल्ली
104

मुंबई

KLSR INFRATECH LTD

KLSR-RAYS (JV)

RAYS POWER INFRA

H.No: 2-56/D/213/9A & 9B, F No. 4B, KLSR TOWERS, AYYAPPA SOCIETY, MADHAPUR, HYDERABAD-500081

Letter No. KLSR-RAYS-JV/Mau/2026-27/ 773 **DATE – 12/10/2026**

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता

उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

मऊ।

विषय:- जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत दिनांक 11.10.2026 को न्यूज़18 हिंदी के डिजिटल संस्करण में प्रेषित की गयी खबर "पाइपलाइन अधूरीए टंकी का काम बंद.. मऊ के खुरहट में ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर" के संबंध में।

महोदय

उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत खुरहट में जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है।पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोलर का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 16.679 कि.मी के सापेक्ष 8.339 कि.मी पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 39 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है तथा शिरोपरि जलाशय का कार्य खुदाई तक पूर्ण हो चुका है सड़क की पुनर्स्थापना का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलीज़ किया जा रहा है। शेष बचे हुए सभी कार्यों को टीम लगाकर शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

भवदीय

KLSR-RAYS (JV) MAU

Signatory

परियोजना प्रबंधक

के०एल०एस०आर०-रेज (जेवी)